तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 15 जुलाई 2026



सेमरा-रिंगनी पुल निर्माण का कलेक्टर ने किया निरीक्षण
4



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
15 जुलाई 2026
कूपन नं.
3

## तनौद में हुई बैठक में सर्वसम्मति से हुआ निर्णय, ना नशे का सेवन ना ही नशे का कारोबार

# 12 पाटकी समाजों ने नशे के खिलाफ लिया ऐतिहासिक फैसला, गांव में शराब-गांजा हुआ पूरी तरह प्रतिबंधित

### चौक-चौराहे, मंदिर, तालाब और स्कूल परिसर में भी जुआ-शराब पर रोक, उल्लंघन करने वालों पर पहले सामाजिक फिर कानूनी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

जिले के पामगढ़ विकासखंड का ग्राम पंचायत तनौद अब नशामुक्त गांव बनने की दिशा में बड़ा कदम उठा चुका है। गांव में बढ़ती शराबखोरी, गांजा सेवन, जुआ और इससे उपज रहे विवादों पर अंकुश लगाने के लिए बारह पाटकी समाजों ने सर्वसम्मति से ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए गांव में शराब और गांजा की बिक्री व सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही चौक-चौराहों, मंदिर, तालाब और स्कूल परिसर में शराब पीने तथा जुआ खेलने पर भी पूरी तरह रोक लगा दी गई है।

ग्रामीणों के अनुसार पिछले कुछ समय से सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी और जुआ के कारण गांव का माहौल लगातार बिगड़ रहा था। आए दिन विवाद, मारपीट और असामाजिक गतिविधियों से आम लोगों, महिलाओं और विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसी चिंता को देखते हुए गांव के सभी प्रमुख समाज एक मंच पर आए और तनौद को नशामुक्त बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।बैठक में साहू समाज, पैकरा समाज, केंवट समाज, कर्ष समाज, श्रीवास समाज, यादव समाज, वैष्णव समाज, देवांगन समाज, विश्वकर्मा समाज सहित सभी 12



पाटकी समाजों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर गांव में किसी भी प्रकार की नशीली गतिविधि को बर्दाश्त नहीं करने का निर्णय लिया।निर्णय के अनुसार गांव में शराब की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। समाज प्रमुखों ने कहा कि इस निर्णय का उल्लंघन करने वालों पर पहले सामाजिक कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद पुलिस-प्रशासन को सूचना देकर कानूनी कार्रवाई भी कराई जाएगी। गांजा एवं अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री और सेवन पर भी पूर्ण रोक रहेगी। सार्वजनिक स्थलों, विशेषकर चौक-चौराहों, मंदिर, तालाब और स्कूल परिसर में शराब पीने तथा जुआ खेलने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। समाज प्रमुखों ने स्पष्ट किया कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ पहले सामाजिक स्तर पर कार्रवाई होगी और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस-प्रशासन को सूचना देकर कानूनी कार्रवाई भी कराई जाएगी।बैठक में साहू समाज अध्यक्ष ग्रन्थ साहू, कंवर समाज अध्यक्ष धनीराम कंवर, कर्ष समाज अध्यक्ष दिनेश कर्ष, यादव समाज अध्यक्ष सुलसीग यादव, श्रीवास समाज अध्यक्ष ब्यास श्रीवास, रामप्रसाद श्रीवास, केंवट समाज से हिराऊ राम केंवट, फिरत केंवट सहित फिरत साहू, नागेश्वर साहू, अजय कुमार साहू, राजेश साहू, गनेश्वर साहू, ओमप्रकाश साहू, रामहरि साहू, कुबेर साहू, गोरे साहू, रामू साहू, महावीर साहू, सरपंच प्रतिनिधि मोती सिंह कंवर, रणवीर सिंह कंवर, पूर्व जनपद सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।ग्रामवासियों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि सामूहिक पहल से गांव में शांति, सामाजिक सौहार्द और अनुशासन का वातावरण मजबूत होगा। साथ ही युवाओं को नशे की लत से बचाने और आने वाली पीढ़ी के बेहतर भविष्य की दिशा में यह निर्णय मील का पत्थर साबित होगा।

## खबर संक्षेप

### कोसला धाम में रथ यात्रा एक दिवसीय विशाल मेला कल

**पामगढ़।** माता कौसल्या की पावन जन्मभूमि कोसला धाम में सदियों से चली आ रही धार्मिक परंपरा के अनुरूप भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा का आयोजन गुरूवार 16 जुलाई, को भक्तिभाव एवं उल्लास के साथ किया जाएगा। रथ यात्रा दोपहर 3 बजे माता कौसल्या जन्मभूमि मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर गुड़ी चौक होते हुए बाजार पारा स्थित भगवान शंकर मंदिर तक निकाली जाएगी। यात्रा के लिए रथ को सुंदर और आकर्षक बनाया जा रहा है, जिसमें श्रद्वालु गण भगवान श्री जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा जी के दर्शन प्राप्त कर सकेंगे। रथ यात्रा के साथ-साथ गुड़ी चौक गौंटिया बियारा में एक दिवसीय भव्य मेले का भी आयोजन किया गया है।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनाः 31 तक करा सकते है फसल बीमा

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष की अधिसूचित फसलों के बीमा पंजीयन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। योजना का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं, प्रतिकूल मौसम, फसल कटाई उपरांत होने वाली क्षति तथा अन्य अधिसूचित जोखिमों से किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले आर्थिक नुकसान की स्थिति में किसानों को सुरक्षा प्रदान करती है। इसलिए सभी किसान आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर बीमा कराकर योजना का अधिकतम लाभ उठाएं। उप संचालक कृषि राकेश शर्मा ने बताया कि खरीफ वर्ष के लिए जिले में धान, अरहर, रागी, उड़द, मूंग, कोदो, कुटकी, मूंगफली, मक्का एवं सोयाबीन अधिसूचित फसलें हैं। जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का क्रियान्वयन बजाज जनरल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा किया जा रहा है।

### सांसद की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक कल

**जांजगीर-चांपा।** लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े की अध्यक्षता में 16 जुलाई को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में दिशा समिति की बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सभी संबंधित सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### नियमों का पेंच : निजी स्कूल वालों को नहीं मिल रहे गरीब बच्चे

# शिक्षा का अधिकार अधिनियम ढाई सौ से अधिक सीटें खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निःशुल्क पढ़ाने के लिए निजी स्कूलों में इस बार गरीब बच्चों का टोटा पड़ गया है। दरअसल जिले में आरटीई अंतर्गत इस वर्ष 778 सीट निर्धारित किया गया था। जिसके तहत 525 बच्चों का निजी स्कूलों में एडमिशन हुआ है। वही अभी भी 253 सीट खाली पड़ी हुई है।

गौरतलब है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में गरीब एवं मध्यम वर्ग की बच्चों को उनकी पात्रता के अनुसार एडमिशन लिया जाना है। इसके लिए प्रक्रिया मार्च महीने में ही प्रारंभ हो गई थी। वर्ष 2026 एवं 27 में चांपा जिले के 461 निजी स्कूलों में 778 सीट पर गरीब बच्चों को एडमिशन लिए जाने का टारगेट रखा गया था। जिसके तहत 525 बच्चों का निजी स्कूलों में एडमिशन हुआ है। वही अभी 253 सीट रिक्त पड़ी हुई है। वर्ष 2025 में टोटल 4 हजार 521 सीट पर गरीब बच्चों को एडमिशन देना था जिसके तहत 4078 सीट पर बच्चों को प्रवेश




मिला वही 443 सीट खाली रह गई वर्ष 2024 में 4 हजार 1 सौ सीट पर एडमिशन दिया जाना था। जिसके तहत 3542 सीट पर एडमिशन दिया गया। वहीं 558 सीट खाली रह गई। टोटल देखा जाए तो 3 सालों के भीतर शिक्षा का अधिकार अधिनियम विधायक 1254 सीट खाली रह गई है। एक तरफ तो राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा गरीब एवं मध्यम वर्ग से आने वाले बच्चे अन्य बच्चों की तरह बड़े निजी स्कूलों में पढ़ लिख सके। इसे लेकर करोड़ रुपए हर साल खर्च कर दिए जाते हैं। वहीं दूसरी ओर हर साल घट रही सीटों की संख्या ने अभिभावकों की परेशानी बढ़ा दी है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत 25 प्रतिशत आरक्षित सीट पर निजी स्कूलों में गरीब बच्चों को एडमिशन लिया जाना रहता है। इसके लिए अभिभावक का आधार कार्ड सर्वे सूची में नाम बच्चों का आधार कार्ड, जनगणना सर्वे में नाम इसके अलावा राशन कार्ड में अभिभावक का नाम होना जरूरी है। इसके लिए प्रक्रिया अब हर साल कठिन होती चली जा रही है।

#### दी गई है जानकारी

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत 778 सीट पर गरीब बच्चों को एडमिशन लिया जाना है। अभी 250 से अधिक सीट खाली है। इस बात की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई है, उनके मार्गदर्शन में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**-अशोक कुमार सिन्हा,**
जिला शिक्षा अधिकारी,

#### जिले में 461 निजी स्कूलों का संचालन

जांजगीर चांपा जिले में 461 निजी स्कूलों का संचालन किया जा रहा है, जहां 75144 बच्चे पढ़ रहे हैं इनमें से 25 फ़ीसदी बच्चे मध्य एवं गरीब वर्ग से आते हैं। जिनको निजी स्कूलों में एडमिशन मिला है। अकलतरा ब्लाक में 42, बलौदा ब्लाक में 57, पामगढ़ ब्लॉक में 104, नवागढ़ विकासखंड 182, बम्हनीडीह ब्लॉक में 76 निजी स्कूल संचालित है। जिले के 253 सीट अभी तक खाली पड़ी हुई है, उसे भरने के लिए शासन से जारी होने वाले गाइडलाइन का इंतजार किया जा रहा है।

## हाइवे पर संचालित ढाबों में नशे पर प्रहार

# शराब जब्ती के साथ 12 को भेजा जेल

### संयुक्त टीम ने आधा दर्जन से अधिक जगहों पर दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नेशनल हाइवे में संचालित ढाबों की चेकिंग की गई। साथ ही साथ आधा दर्जन स्थानों में संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। इस बीच करीब 39 हजार 280 रुपए कीमती शराब जब्त किया गया है। वहीं 12 आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 13 जुलाई की रात नेशनल हाईवे के सभी ढाबों की चेकिंग एवं सुबह सुबह ग्राम तुस्मा, कुरियारी कमरीद, ससहा, पामगढ़, अकलतरा, बलौदा, सारागांव क्षेत्र के शराब बनाने वालों के डेरों पर छापेमार कार्रवाई की गई। इस दौरान जिले में सभी सबडिवीजन में अलग-अलग राजपत्रित अधिकारियों के साथ थाना प्रभारी की टीम बनाकर छापेमार कार्रवाई की गई। एसपी विजय कुमार पाण्डेय, एएसपी उमेश कुमार कश्यप के नेतृत्व में एक साथ कई थाना क्षेत्रों में पुलिस की दबिश दी गई। पुलिस ने बीती रात से सोमवार की सुबह तक विशेष अभियान चलाते हुए कई थाना क्षेत्रों में एक साथ छापेमार कार्रवाई की। अभियान के दौरान पुलिस ने 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके



जब्त शराब के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

कब्जे से 120 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब तथा 191 पाव देशी प्लेन शराब बरामद की। सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। देर रात शुरू हुई कार्रवाई में पुलिस टीमों ने अलग -अलग थाना क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की। थाना शिवरीनारायण 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। एक आरोपी के पास से 25 लीटर कच्ची महुआ शराब, जबकि दूसरे के कब्जे से 60 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की गई। थाना बलौदा 1 आरोपी के कब्जे से



34 पाव देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई। थाना सारागांव 1 आरोपी के कब्जे से 32 पाव देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई। थाना नवागढ़ 1 आरोपी से 6 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। थाना जांजगीर 1 आरोपी से 30 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की गई। पुलिस ने 12 आरोपियों को जेल भेजा है।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पान ठेले पर बैठे बुजुर्ग को ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम लोहर्सी का है।

शिवरीनारायण क्षेत्र में मंगलवार 14 जुलाई की शाम ग्राम पंचायत लोहर्सी में तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रैक्टर ने पान ठेले पर बैठे 65 वर्षीय कमल कश्यप को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। खतरे को भांपते हुए दो लोग किसी तरह वहां से हट गए, लेकिन 65 वर्षीय कमल कश्यप खुद को बचा नहीं सके। बताया जा रहा है कि बेलगाम ट्रैक्टर बुजुर्ग को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। इस दौरान पान ठेला पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ट्रैक्टर एक दुकान की दीवार से टकराकर रुक गई। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही शिवरीनारायण थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाइश देकर शांत कराया। प्रशासन की ओर से मृतक के परिजनों को तत्काल सहायता राशि के रूप में 25 हजार रुपये प्रदान किए गए।

## जुआ खेल रहे 4 जुआरियों को किया गिरफ्तार, आधा दर्जन बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

जुआ खेल रहे 4 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं उनके कब्जे से आधा दर्जन बाइक को जब्त किया गया है। मामला मालखरौदा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली



मालखरौदा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में अवैध रूप से जुआ चल रहा था। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इस बीच जुआ खेल रहे 4 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं उनके कब्जे से 6 बाइक को जब्त किया गया है। पकडे गए जुआरियों में धरमपाल सतनामी, अजीत कुमार मिरी, घासीराम चंद्रा एवं सोनू कुमार धोबी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं उनके कब्जे से 6 बाइकों की जब्ती बनाई गई है। जब्त बाइक की कीमत 3 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है। मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर आरोपियो को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक बिसोहन चंद्रा, प्रधान आरक्षक लालबहादुर चंद्रा, प्रधान आरक्षक अक्षय सारथी, आरक्षक तिलेश नेताम, आरक्षक प्रीतम सिदार सहित स्टाफ का योगदान रहा।

### 13 करोड़ की लागत से आधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ नए स्वरूप में हुआ सुसज्जित

# अमृत भारत स्टेशन योजना से बदली चांपा जंक्शन रेलवे स्टेशन की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देशभर के रेलवे स्टेशनों का चरणबद्ध तरीके से कायाकल्प किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य स्टेशनों को आधुनिक, सुरक्षित, सुगम एवं यात्री-केंद्रित बनाते हुए विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है, जिससे यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्राप्त हो सके।

जांजगीर-चांपा जिले में हसदेव नदी के तट पर स्थित चांपा रेलवे स्टेशन हावड़ा–मुंबई मुख्य रेलमार्ग का एक महत्वपूर्ण जंक्शन है। इसकी रणनीतिक एवं व्यावसायिक महत्ता को ध्यान में रखते हुए स्टेशन का




विकास किया गया है। सुविधाओं के साथ सुरक्षित, सुविधाजनक एवं सुखद यात्रा अनुभव प्राप्त हो। लगभग 13 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन का व्यापक पुनर्विकास किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप यह स्टेशन स्थानीय कला व संस्कृति की झलक के साथ आधुनिक सुविधाओं से युक्त आकर्षक एवं यात्री-अनुकूल स्वरूप में विकसित हुआ है। सर्कुलेटिंग एरिया का विस्तार एवं सौंदर्यीकरण, सड़कों का चौड़ीकरण, आकर्षक प्रवेश एवं निकास द्वार, सुव्यवस्थित वाहन पार्किंग, बुकिंग काउंटर का नवीनीकरण, आधुनिक द्वितीय श्रेणी एवं उच्च श्रेणी प्रतीक्षालय, वीआईपी कक्ष, नए प्लेटफॉर्म शेल्टर, महिलाओं, पुरुषों एवं दिव्यांगजनों के लिए आधुनिक शौचालय, लिफ्ट एवं टैक्टाइल टाइल्स, अत्याधुनिक ट्रेन एवं कोच डिस्प्ले बोर्ड, सीसीटीवी कैमरे, डिजाइनर साइनेज, स्ट्रीट लाइट एवं हाई मास्ट लाइट, बेहतर प्रकाश व्यवस्था तथा यात्रियों के लिए स्टेनलेस स्टील बैठने की व्यवस्था जैसी अनेक सुविधाएं विकसित की गई हैं। इन आधुनिक सुविधाओं से न केवल यात्रियों को अधिक सुरक्षित, आरामदायक एवं सुगम यात्रा अनुभव प्राप्त होगा, बल्कि स्टेशन की कार्यक्षमता एवं सौंदर्य में भी वृद्धि हुई है। साथ ही इस विकास से क्षेत्र में पर्यटन, व्यापार, स्थानीय आर्थिक गतिविधियों तथा सांस्कृतिक विकास को भी नई गति मिलने की अपेक्षा है। चांपा रेलवे स्टेशन का यह नया स्वरूप भारतीय रेलवे की आधुनिक, समावेशी एवं यात्री-केंद्रित सोच का प्रतीक है तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के माध्यम से देश के रेलवे स्टेशनों को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI ▶ AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र–छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3,
बलोदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### प्रदेश कार्य समिति की बैठक में शामिल हुए जिले के भाजपा पदाधिकारी



**चांपा।** प्रदेश भाजपा कार्यालय रायपुर में भाजपा के सभी सत्रह प्रकोष्ठों के प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों की संयुक्त बैठक ( सम्मेलन) आयोजित की गई। इस बैठक मे संगठन महामंत्री पवन साय, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान अतिथियों ने आने वाले 2028 के विधानसभा चुनाव मे पार्टी को विजय दिलाने का संकल्प दिलाया। सभी प्रकोष्ठों के गठन पश्चात प्रथम बार आयोजित इस बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव ने अपने उद्बबोधन में नक्सलवाद की समाप्ति तथा केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से बताते हुए इसे जनता के बीच ले जाने का आव्हान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को चार प्रकार के मंत्र देते हुए उसी अनुरूप जनता के बीच कार्य करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि अटल परिसर की तर्ज पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों मे डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके लिए सरकार द्वारा बजट की राशि तय की जा चुकी है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने सभी प्रकोष्ठों के गठन के महत्व बताते हुए कार्यकर्ताओं को पार्टी हित मे सदैव कार्य करने का आव्हान किया। मंच पर भाजपा प्रदेश महामंत्री द्वय यशवंत जैन, नवीन मार्कंडेय के साथ सभी सत्रह प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक उपस्थित थे। सम्मेलन का संचालन संयुक्त प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अवधेश चंदेल एवं आभार प्रगट समस्त प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू ने किया। उक्त जानकारी सम्मेलन में भागीदारी निभा कर लौटे भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, व्यवसायी प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनंत थवाईत एवं बुनकर प्रकोष्ठ के कमल देवांगन ने दी।

### पीपल पेड़ के खोखले तने में फंसी विशाल गोह का सफल रेस्क्यू



**बम्हनीडीह।** नगर पंचायत बम्हनीडीह के वार्ड क्रमांक 1 में उस समय मानवीय संवेदनशीलता और वन्यजीव संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला, जब एक विशाल गोह पीपल के पेड़ के खोखले तने में फंस गई। सुबह से ही गोह बाहर निकलने का लगातार प्रयास कर रही थी, लेकिन तने में बुरी तरह फंस जाने के कारण बाहर नहीं निकल पा रही थी। स्थानीय रहवासियों ने कई घंटे तक उसकी गतिविधियों पर नजर रखी और जब वह बाहर नहीं निकल सकी तो इसकी सूचना गौ रक्षा दल बम्हनीडीह के प्रमुख विश्वास सराफ को दी गई। विश्वास सराफ ने तत्काल वन विभाग को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद वन विभाग चांपा की टीम मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान में जुट गई। वन विभाग की टीम और गौ रक्षा दल के सदस्यों ने संयुक्त रूप से रेस्क्यू अभियान चलाया। मौके पर मौजूद गौ रक्षा दल के सर्प मित्र चितरंजन ठाकुर ऊंचे पीपल के पेड़ पर चढ़े और काफी देर तक सावधानीपूर्वक प्रयास करते रहे। गोह जिस खोखले तने में फंसी हुई थी, वहां आवश्यक स्थान बनाने के लिए पेड़ के हिस्से को बेहद सावधानी से काटा गया ताकि वन्यजीव को किसी प्रकार की चोट न पहुंचे। करीब दो घंटे तक चले अथक प्रयास के बाद गोह को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। रेस्क्यू के बाद गोह का पशु चिकित्सक अर्जुन वर्मा द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके बाद गोह को वन विभाग के कर्मचारी सतीश सोनी एवं उनकी टीम ने उसे चांपा स्थित कुदारी बैराग हनुमान धारा के वन क्षेत्र में सुरक्षित छोड़ दिया।

**कार्यालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**बम्हनीडीह**
**जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
ग्राम-मौहाडीह
दिनांक - 09/7/2026

**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक सम्मेलाल पिता सालिकराम उम्र 56 वर्ष जाति खैरवार निवासी मौहाडीह तहसील बम्हनीडीह जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने इस न्यायालय में अपने पिता सालिक राम के मृत्यु दिनांक 16/06/1994 को प्राकृतिक वृद्धावस्था के कारण से होने पर पंजीयन हेतु आवेदन पत्र पर पटवारी प्रतिवेदन मय पंचनामा शपथ पत्र सहित पेश किया हैं। अतः जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 27/07/26 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/07/26 को न्यायालय के सील मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**जारी दिनांक 09/07/26**
**पेशी दिनांक 27/07/26**
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**बम्हनीडीह**

### नवनियुक्त एल्डरमैन ने ली शपथ, जनहित और पारदर्शिता से विकास का लिया संकल्प

# एल्डरमैन नगर पालिका के महत्वपूर्ण अंग, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका : बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर पालिका परिषद में नवनियुक्त पांच एल्डरमैनों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुमित बघेल ने नवमनोनीत एल्डरमैन भारती देवांगन, प्रशांत सिंह बैस, संतोष दुबे, श्याम चरण चौधरी एवं शिव गौधरिया को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद सभी एल्डरमैनों ने नगर के सर्वांगीण विकास, पारदर्शी कार्यप्रणाली तथा जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नगरवासियों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी पहली जिम्मेदारी होगी। परिषद, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर नगर की मूलभूत समस्याओं के समाधान तथा विकास कार्यों को गति देने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य किया जाएगा।

इस अवसर पर एसडीएम सुमित बघेल ने कहा कि एल्डरमैन नगर पालिका परिषद का महत्वपूर्ण अंग होते हैं। उनकी भूमिका केवल परिषद की बैठकों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, जनसमस्याओं के समाधान और जनहितकारी कार्यों में भी उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। उन्होंने सभी एल्डरमैनों से संविधान और कानून के अनुरूप निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से कार्य करते हुए जनता के विश्वास पर खरा उतरने का आह्वान किया। समारोह के दौरान नगर की विभिन्न जनसमस्याओं और विकास कार्यों पर भी चर्चा की गई। इसमें स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, पेयजल आपूर्ति में सुधार, सड़क एवं नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को




कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

बेहतर करने तथा वर्षा के दौरान जलभराव जैसी समस्याओं के स्थायी समाधान पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। साथ ही नगर की अन्य बुनियादी सुविधाओं को और अधिक प्रभावी बनाने पर भी सहमति बनी। शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की उपाध्यक्ष रजनी साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी, भाजपा जिला महामंत्री नंदकुमार चौधरी, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश्वर पाटले, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री रूपेश जैन, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गोपेश तुलस्यान, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर राणा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शांति भारते, भाजपा नगर मंडल महामंत्री गोवर्धन साहू एवं सुमित सिंह चंदेल सहित पार्षद सुनीता सिंह, सुनीता प्रसाद, राजू अग्रवाल, दिनेश दास महंत, मुरलीधर मिश्रा, माधुरी देवी पालीवाल, धनराज सिंह चौहान, वैशाली सिंह, आशीष प्रसाद तथा बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## नवनियुक्त एल्डरमैनों को दिलाई गई पद एवं गोपनीयता की शपथ

**सक्ती।** स्थानीय नगरपालिका सभागृह में नवनियुक्त एल्डरमैनों का गरिमामय शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। इस समारोह में सक्ती की अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कावेरी मरकाम ने नवनियुक्त एल्डरमैन सुमित शर्मा, दीपक गुप्ता, दादू केवट, सुषमा कसेर, सुशीला गबेल को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में मुख्य रूप से नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल और उपाध्यक्ष भरत यादव, जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गवेल उपस्थित रहे। उनके साथ ही भाजपा प्रदेश मंत्री श्रीमती विद्या सिदार, राम अवतार भी मंच पर आसीन रहे। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने कहा कि नए सदस्यों के आने से नगर के विकास कार्यों को और गति मिलेगी। वहीं शपथ ग्रहण के बाद एल्डरमेनों ने भी नगर की जनता के हित में और शहर की बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए पूरी निष्ठा से काम करने का संकल्प दोहराया। शपथ ग्रहण समारोह की समाप्ति पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रह्लाद पांडे ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, नागरिकों और कर्मचारियों का सहृदय आभार प्रकट किया। उन्होंने विश्वास जताया कि नई परिषद के नेतृत्व में नगर विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। इस अवसर पर राम अवतार अग्रवाल, प्रेम पटेल, अन्नपूर्णा राठौर, राम नरेश यादव, रंजन सिन्हा, सुरेश कृपलानी , अभिषेक शर्मा, मनोज सिसौदिया, पार्षद लाला सोनी, गजेन्द्र यादव,नितिन सोनी मांगेराम अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक और गणमान्य जन उपस्थित रहे।




## वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए आपदा प्रबंधन की सभी तैयारियां रखें पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन ने जनकल्याणकारी योजनाओं एवं लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में मानसून के दौरान आपदा प्रबंधन, जलजनित रोगों की रोकथाम, किसानों के लिए खाद-बीज की उपलब्धता, जाति प्रमाण पत्र के कार्य, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 एवं सेवा सेतु एप के प्रकरणों सहित विभिन्न विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने शिक्षा विभाग सहित संबंधित अधिकारियों को नये शैक्षणिक सत्र में जाति प्रमाण पत्र के कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने वर्तमान वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिले में आपदा प्रबंधन की सभी तैयारियां पूर्ण रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को संभावित जलभराव से निपटने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध रखने के निर्देश दिए।

■ जिला पंचायत सीईओ ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देश

### डीपी सुधार करते समय करेंट की चपेट में आने से लाइन मेन की मौत

**बिर्रा।** ग्राम देवरानी में ट्रान्सफर में डीपी की सुधार करते समय अचानक लाईनमेंन बिजली करेट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पंचनामा तैयार करके शव को परिजनों को सौंप दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार प्रेमदास मंहत के सुपुत्र चंद्रप्रकाश मंहत 42 वर्ष मंगलवार 14 जुलाई को ग्राम देवरानी में ट्रान्सफर में डीपी का सुधार कार्य करने के लिए करीब 1 बजे गया था। लाइनमैन चंद्रप्रकाश ने ट्रान्सफार्मर के डीपी का सुधार कार्य कर ही रहा था कि अचानक बिजली करेट प्रवाहित होने से हाथ में करेट लगने से पीठ का हिस्सा और सिर बुरी तरह से झूलस गया तथा मौके पर उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिर्रा लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सक ने प्रारंभिक जांच उपरांत बम्हनीडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। बम्हनीडीह पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम पश्चात परिजनों को सौंप दिया। बताया जाता है कि लाइनमैन चंद्रप्रकाश मंहत का मृत्यु होने के कारण दो बच्चों के सिर से पिता से साया उठ गया है।

### राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में जिले के 11 शिक्षकों का होगा सम्मान

**चांपा।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत द्वारा स्व. हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार 15 जुलाई को सायं 5 बजे विमतारा मधु पिल्ले चौक, शांति नगर रायपुर में किया जाएगा। इस गरिमामय समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. हिमांशु द्विवेदी प्रधान संपादक, हरिभूमि समूह होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद् एवं समाजसेवी संजय अग्रवाल, संस्थापक एन.आर. स्टील, रायगढ़ करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. चितरंजन कर , पूर्व विभागाध्यक्ष (भाषा विज्ञान), पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, राजभाषा हिंदी सलाहकार, रेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा डॉ. पूर्णानंद मिश्रा , राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत उपस्थित रहेंगे। पुरस्कार हेतु जिले से ममता जायसवाल, अलकीन खान, शबीना बानो खान, अंजुम शेख, ज्योति सराफ ,डॉ बोधीराम साहू, डॉ चमेली साहू , डॉ ऋतम्भरा शीशपाल, चंद्रिका पटेल, इंदिरा पंकज, हरनारायण कुर्रे का चयन हुआ है।

### ग्रामीण विकास में सहकारिता की अहम भूमिका



**जांजगीर-चांपा।** ग्राम पंचायत लखाली में किसानों के लिए सहकारिता विभाग की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण विकास विभाग में सहकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की गई। इस दौरान किसानों को बताया गया कि ग्रामीण विकास में सहकारिता की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। सहकारिता ने ग्रामीण विकास में बड़ी सहभागिता निभाई है। आत्मनिर्भर भारत में सहकारिता की बड़ी भूमिका रही है। भारत कैसे आत्मनिर्भर बन रहा है इसके बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान किसानों को कृषि संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई। सहकारिता के माध्यम से किसान किस तरह उन्नति कर सकते हैं इस पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, जिला नोडल अधिकारी सेवा सहकारी समिति अमित साहू, ब्रांच मैनेजर कमल ठाकुर, गिरधारी राठौर, सेवा सरकारी समिति प्रबंधक उमाशंकर चंद्रा थे। कार्यक्रम संचालन राजकुमार चंद्रा ने किया। इस अवसर पर क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### 14 दिन बाद भी लापता नाबालिग का नहीं लगा सुराग

**बेल्हाडीह-जेठा।** चौदह दिन से लापता नाबालिग का कोई सुराग अब तक नहीं लग पाया है। इसके चलते परिजनों में चिंता बढ़ गई है। वहीं परिजनों ने पुलिस अधिकारियों से तलाश तेज करने की मांग की है। ज्ञात हो कि बाराद्वार थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बेल्हाडीह निवासी दिनेश साहू के पुत्र 29 जून से लापता है। परिजनों का कहना है कि उन्होंने हर संभव स्तर पर गुहार लगाई, लेकिन 14 दिन बीत जाने के बाद भी उनके बेटे का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। माता-पिता का कहना है कि उन्हें किसी से शिकायत नहीं, बल्कि सिर्फ अपने बेटे की तलाश चाहिए। उनका आग्रह है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए खोज अभियान को और तेज किया जाए, तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज, संभावित संपर्कों और अन्य सभी पहलुओं पर गहन जांच कर जल्द से जल्द पता लगाने की मांग की है। परसदा खुर्द की घटना के बाद लोगों के बीच यह सवाल भी उठ रहा है कि लापता बच्चों के मामलों में शुरुआती स्तर पर तेज और व्यापक खोजबीन कितनी आवश्यक है। इस संबंध में सक्ती एसपी प्रफुल्ल ठाकुर का कहना है कि बालक के लापता होने के मामले को पुलिस पूरी गंभीरता से ले रही है। उसकी तलाश के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मामले में उपलब्ध सभी तथ्यों, तकनीकी साक्ष्यों और संभावित पहलुओं पर जांच की जा रही है।

## विधानसभा में विधायक राघवेंद्र ने उठाया जल जीवन मिशन की धीमी प्रगति का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने विधानसभा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से अकलतरा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की अद्यतन स्थिति पर प्रश्न उठाते हुए सरकार से विस्तृत जानकारी मांगी।



सरकार द्वारा दिए गए उत्तर के अनुसार अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत कुल 180 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 130 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 50 कार्य अभी भी प्रगतिरत अथवा अपूर्ण हैं। इन योजनाओं के लिए अब तक 490.56 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। विधायक श्री सिंह ने सरकार से यह भी पूछा कि किन ग्रामों में कार्य पूर्ण होने के बावजूद नियमित पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है। सरकार ने स्वीकार किया कि अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के 13 ग्रामों में जल जीवन मिशन के कार्य पूर्ण होने के बाद भी नियमित पेयजल आपूर्ति प्रारंभ नहीं हो सकी है। इसका कारण अलग-अलग बताया गया। श्री सिंह ने यह भी जानना चाहा कि स्वीकृत कार्यों में गुणवत्ता संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई हैं या नहीं तथा यदि हुई हैं तो उन पर क्या कार्रवाई की गई है। सरकार ने बताया कि अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता संबंधी एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिस पर नियमानुसार कार्रवाई की गई है। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य प्रत्येक घर तक सुरक्षित एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराना है। ऐसे में जिन गांवों में कार्य पूर्ण होने के बावजूद लोगों को पानी नहीं मिल रहा है, वहां शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने अपूर्ण कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर प्रभावी निगरानी रखने की भी मांग की।

### अयोध्या श्रीराम मंदिर निर्माण में कथित घोटाले के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**चांपा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चाम्पा द्वारा अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर निर्माण में कथित चंदा घोटाले और इसमें संघ एवं भाजपा की मिलीभगत के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया गया। यह कार्यक्रम श्री श्याम बाबा मंदिर, सुभाष चौक, चांपा के समीप आयोजित किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील साधवानी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तख्तियां लेकर और भाजपा विरोधी नारों के साथ मुख्य मार्गों से रैली निकाली। कार्यकर्ताओं ने इस कथित घोटाले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। इस विरोध प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, ब्लॉक अध्यक्ष सुनील साधवानी, प्रदेश कांग्रेस के सचिव गिरधारी यादव, जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता नागेन्द्र गुप्ता, प्रदेश महासचिव चंद्रदेव महंत, जिला उपाध्यक्ष किशन सोनी, मंडल अध्यक्ष अनिल मोदी, सेवक बुटू देवांगन, नेता प्रतिपक्ष हरीश पांडेय, व्यापार प्रकोष्ट के जिलाध्यक्ष राज अग्रवाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष पंकज शुक्ला, पार्षद तमिन्द्र देवांगन, पवन साहू, दुर्गा कुर्रे, अंजली देवांगन, पुरषोत्तम देवांगन, ललित देवांगन, पवन आर्य जिब्बू, परदेशी केंवट, पूर्व पार्षद रंजन कैवर्त, राजू शर्मा, अनिता प्रकाश, गीता केशव सोनी, रोहित देवांगन, वरिष्ठ कांग्रेसी समद बेग, हरदयाल तंवर, हेमन्त सोनी, हरीश श्रीवास, रामबाई स्वर्णकार, कविता देवांगन, अजय यादव, स्वाति बंशीयार, हेमंत सोनी, श्यामलाल देवांगन, हाशिम खान, ब्लाक सचिव जीवन बंजारे, राकेश जोशी, जफर अंसारी, साकिर सौदागर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किया गया है। ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने अपने स्वयं के जीवन को जोखिम में डालते हुए निस्वार्थ सेवा किया हो वे आवेदन कर सकते है।










TOP IN JANJGIR

GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742






## खबर संक्षेप

### लक्ष्मणेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के गठन पर कलेक्टर से मिले क्षेत्रवासी



**खरौद।** लक्ष्मणेश्वर महादेव मंदिर खरौद के ट्रस्ट के गठन पर क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। ट्रस्ट गठन की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने पर खरौद क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर जन्मेजय महोबे का पुष्पगुच्छ भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री महोबे ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि लक्ष्मणेश्वर महादेव मंदिर केवल खरौद ही नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ और देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र के समग्र विकास, श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार तथा आवश्यक आधारभूत व्यवस्थाओं के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करता रहेगा। क्षेत्रवासियों ने ट्रस्ट गठन को ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए इसके लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### डॉ महंत की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के अंतर्गत करोड़ों की राशि स्वीकृति

**सक्ती।** विधानसभा क्षेत्र सक्ती के अंतर्गत विभिन्न ग्राम में पंचायत प्रतिनिधियों कॉग्रेसजनो



की मांग पर विधानसभा क्षेत्र सक्ती के विधायक एवं छग विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महन्त की अनुसंशा पर सी सी रोड कार्य स्वीकृति प्रदान की गई हैं। उक्त सम्बंध में जिला कलेक्टर कार्यालय के विधायक प्रतिनिधि गिरधर जायसवाल ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र सक्ती के दस ग्रामों में जिसमे देवरी, डूमरपारा, बोइरडीह, भेड़ापाली, आमपाली, जर्वे, बोकरा मुड़ा, पतेरापली खुर्द, बस्ती बाराद्वार, बरपाली कला सोनगूडा शामिल है, जिसमे प्रत्येक ग्राम पंचायतों में पांच लाख बीस हजार के सीसी रोड़ कार्य होने है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र सक्ती, बलौदा एवं बम्हनीडीह विकास खंड के दस ग्राम बालपुर उच्चभिठी लच्छनपुर, हर्राभट्ठा, रिसदा, भगोडीह, बहेराडीह ,गिधौरी, अमरूवा ,दारग में रंगमंच निर्माण के लिए 3 लाख तथा शेष पांच ग्राम पंचायतों में 5 लाख 20 हजार रुपए के सी सी रोड शामिल है। श्री जायसवाल ने बताया कि उक्त कार्य मुख्यमंत्रीसमग्र ग्रामीण विकास योजना 2026-27 के अंतर्गत स्वीकृति प्रदान की हैं। उपरोक्त कार्यो के स्वीकृति होने पर कॉग्रेसजन, पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने डॉ महंत के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विधानसभा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यो की प्रशंसा की हैं।

### नवनियुक्त जिले के एल्डरमेनों ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष से किया भेंट

**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधान सभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण



चंदेल से उनके जांजगीर-नैला रेल्वे स्टेशन चैक में स्थित जनसंपर्क कार्यालय में नवनियुक्त एल्डरमेन विवेका गोपाल, रितेश मोनू अग्रवाल, रितेश राठौर, श्रीमती उर्मिला निर्मलकर, कार्तिकराम सूर्यवंशी, सुधीर गर्ग, महाराजा सीताराम गुहा सहित जिले के एल्डरमेनों ने जाकर श्री चंदेल से सौजन्य भेट किया। इस अवसर पर श्री चंदेल ने सभी नवनियुक्त एल्डरमेनों को मिष्ठान खिलाकर स्वागत व अभिनंदन किया। सभी एल्डरमेनों ने श्री चंदेल का साल, श्रीफल व पुष्पगुच्छ से अभिनंदन करते हुए भारतीय जनता पार्टी व छ.ग. सरकार जिन्होंने उन्हे नियुक्त किया है उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया है। श्री चंदेल ने सभी एल्डरमेनों को शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि टीम वर्क के साथ काम करते हुए अपने दायित्व का निर्वाह करे तथा सब लोग मिलकर जनता की सेवा करे व विकास कार्यो में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़वाल, जिला भाजपा उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, नपाप. उपाध्यक्ष मोहन यादव, अमित यादव, गिरीश मोदी, विनोद मोदी, श्रीमती भूरी बाई सूर्यवंशी, पुष्पेन्द्र निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण व भाजपा के कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## निधन

### श्रीमती चमेली देवी तिवारी

**पामगढ़।** समीपस्थ ग्राम बारगांव की प्रतिष्ठित महिला चमेली देवी तिवारी का 78 वर्ष की आयु में



मंगलवार 14 जुलाई की सुबह 8 बजे निधन हो गया। वे वरिष्ठ कांग्रेस नेता लव तिवारी की माता थी। वे अपने पीछे दो पुत्र एवं एक पुत्री का परिवार रोता बिलखता छोड़ गईं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में हुआ। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन, स्वजातीय बंधु सहित आसपास क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए ।

### सीईओ ने ग्राम पंचायतवार अपूर्ण आवासों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने दिए निर्देश

# प्रत्येक पात्र हितग्राही को समय पर मिले पीएम आवास योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला पंचायत के नवपदस्थ सीईओ ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को समय पर प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ मिले। आवास निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो। उन्होंने पीएम आवास निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। साथ ही विकसित भारत-जी राम जी, स्वच्छ भारत मिशन और एनआरएलएम के कार्यों में तेजी लाने की बात कही।

नवपदस्थ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार पोयाम ने मंगलवार 14 जुलाई को जिला पंचायत सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विकसित भारत-जी राम जी, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) सहित पंचायत विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में सहायक परियोजना अधिकारी एवं प्रभारी उप संचालक पंचायत बरनसिंह मण्डावी



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार पोयाम।

जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी, सीईओ, कार्यक्रम अधिकारी, ब्लॉक समन्वयक एवं तकनीकी सहायक उपस्थित रहे। जिला पंचायत सीईओ श्री पोयाम ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वीकृत एवं निर्माणाधीन आवासों की प्रगति, किस्तों के भुगतान तथा लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को समय पर योजना का लाभ मिले तथा आवास निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो। उन्होंने ग्राम पंचायतवार अपूर्ण आवासों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने, हितग्राहियों को समय पर सहायता राशि उपलब्ध कराने तथा नियमित मैदानी निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही लाभार्थियों से सतत संपर्क बनाए रखते हुए योजना के शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विकसित भारत जी राम जी के अंतर्गत निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, श्रमिकों की समय पर मजदूरी भुगतान, अधिक से अधिक जल संरक्षण कार्य प्रारंभ करने, शत-प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण करने तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों का नियमित स्थल निरीक्षण कर गुणवत्ता बनाए रखने कहा। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत शौचालय निर्माण एवं ठोस-तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एसएलडब्ल्यूएम) कार्यों में तेजी लाने तथा ग्राम पंचायतों में स्वच्छता गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने एनआरएलएम के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाने और जनपद स्तर पर आजीविका गतिविधियों के आयोजन के निर्देश दिए है। उन्होंने जनपद पंचायत स्तर पर आजीविका ऋण मेले का आयोजन करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ श्री पोयाम ने कहा कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।



## सेमरा-रिंगनी पुल निर्माण का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में निर्माणाधीन सेमरा-रिंगनी पुल के कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने मंगलवार को पुल निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को शेष सभी कार्य निर्धारित गुणवत्ता एवं समय-सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए।

- शेष कार्य पूर्ण कर जल्द आवागमन के लिए तैयार करने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने निर्माणाधीन पुल के डेक सहित विभिन्न हिस्सों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी एजेंसी से अब तक पूर्ण हुए कार्यों तथा शेष निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि पुल निर्माण में किसी भी प्रकार की गुणवत्ता से समझौता न किया जाए और सभी कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप ही पूरे किए जाएं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधन, मशीनरी और आवश्यक मानवबल लगाया जाए। उन्होंने कहा कि पुल का निर्माण जल्द पूरा होने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और बचा हुआ कार्य शीघ्र पूरा कर पुल को आम नागरिकों के आवागमन के लिए जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह पुल क्षेत्र के विकास और लोगों की दैनिक आवाजाही के लिए महत्वपूर्ण परियोजना है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पीएमजीएसवाय के ईई ऐश्वर्य वर्मा सहित संबंधित विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## झलमला सरपंच की हुई शिकायत, जांच टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत गांव झलमला के ग्रामीणों ने सरपंच द्वारा गुणवत्ताहीन निर्माण को लेकर जनपद पंचायत सीईओ से लेकर जिला कलेक्टर तक शिकायत दर्ज कराई है जिसके परिणामस्वरूप 14 जुलाई को जांच टीम का गठन किया गया है।

बताया जा रहा है कि झलमला सरपंच के द्वारा 15 वे की राशि को सरपंच और सचिव ने मिलकर गबन किया है। इस राशि से कहीं भी कोई निर्माण कार्य नहीं किया गया है। इसी तरह गांव में सांस्कृतिक मंच का निर्माण कार्य कराया गया है लेकिन वह भी प्रस्तावित प्राकलन और शासन के निर्देशानुसार नहीं किया गया है। ग्रामीणो ने अपनी लिखित शिकायत में यह भी बताया कि पंचों ने सर्वसम्मति से गांव के प्रसिद्ध झिलमिल तालाब की सफाई का प्रस्ताव रखा था, लेकिन सरपंच ने मनमानी करते हुए उसे दरकिनार कर दिया है । इस तरह की मनमानी शौचालय निर्माण में भी की गई है । शिकायत में बताया गया है कि शौचालय बनाते समय नींव नहीं रखा गया है और निर्माण शासकीय मानक अनुसार नहीं किया गया है जिससे शौचालय बहुत जल्द ही जर्जर होने लगा है। इसी तरह सोखता गड्ढा के निर्माण में भी मनमानी की गई है और सोखता गड्ढा के नाम पर राशि आहरण कर सरपंच और सचिव द्वारा उदरस्थ कर लिया गया है, जिसकी जांच के लिए जांच टीम सहायक विस्तार अधिकारी देवेन्द्र ध्रुव को जांच अधिकारी बनाया गया है। इस मामले की शिकायत लगभग डेढ़ सौ ग्रामीणों ने कलेक्टर से की है और जल्द ही जांच समिति के द्वारा इस शिकायत की जांच होगी। इस संबंध में जनपद सीईओ शैलेश भगत का कहना है कि झलमला सरपंच और सचिव की शिकायत प्राप्त हुई है । जांच टीम गठित हो गई है। जल्द ही जांच की जायेगी।

## भगवान जगन्नाथ स्वामी की कल निकलेगी भव्य रथयात्रा

**जांजगीर-चांपा।** वृंदावन भक्ति कुटीर जांजगीर के तत्वावधान में गुरुवार 16 जुलाई को भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा की भव्य रथयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालु भगवान के दिव्य दर्शन एवं रथ की रस्सी खींचने का सौभाग्य प्राप्त करेंगे। रथयात्रा का शुभारंभ सायं 3 बजे कलेक्टरेट चौक, जांजगीर से होगा। यात्रा कलेक्टरेट चौक, बीटीआई चौक, कचहरी चौक, नेताजी चौक, वृंदावन भक्ति कुटीर होते हुए अग्रसेन भवन, नैला पहुंचेगी। पूरे मार्ग में श्रद्धालु हरे कृष्ण महामंत्र संकीर्तन, भजन-कीर्तन एवं पुष्पवर्षा के साथ भगवान का स्वागत करेंगे। रथयात्रा के समापन पर अग्रसेन भवन में विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। सायं 7 बजे भगवान का स्वागत, 7:15 बजे छप्पन भोग अर्पण, 7:30 बजे भव्य महाआरती तथा 7:45 बजे से सभी श्रद्धालुओं के लिए श्री जगन्नाथ महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति ने जिले एवं आसपास के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में परिवार सहित उपस्थित होकर इस रथयात्रा में सहभागिता का आग्रह किया है।

## शहर को ओडीएफ प्लस और गार्बेज फ्री बनाने लगातार हो रहा काम : नामदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर पालिका परिषद चांपा के द्वारा नमस्ते दिवस के अवसर पर शहर की स्वच्छता में दिन-रात योगदान देने वाली स्वच्छता दीदियों को सम्मानित कर पीपीई किट प्रदान की गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य सफाई कर्मियों के सम्मान के साथ-साथ स्वच्छता अभियान को और मजबूती देना है।

- **नगर पालिका ने स्वच्छता दीदियों को दी पीपीई किट, स्वच्छता का लिया संकल्प**

कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में 77 से अधिक स्वच्छता दीदियों को ग्लव्स, मास्क, सैनिटाइजर, जूते और रेनकोट,हेलमेट युक्त पीपीई किट वितरित की गईं। स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने कहा कि भारत के प्रधान मंत्री के स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत नमस्ते हमारी संस्कृति है और स्वच्छता हमारा धर्म है। कोरोना काल में स्वच्छता दीदियों ने



स्वच्छता दीदियों को सम्मानित करते पालिका अध्यक्ष एवं अन्य।

जिस बहादुरी से काम किया, वह सराहनीय है। पीपीई किट मिलने से अब वे और सुरक्षित होकर शहर को साफ रखेंगी। उन्होंने बताया कि नगर पालिका स्वच्छ भारत मिशन और स्वच्छता अभियान के तहत शहर को ओडीएफ प्लस और गार्बेज फ्री बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। गली-मोहल्लों में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, सेग्रीगेशन और कचरा निस्तारण पर विशेष फोकस है। साथ सभी सभी स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ परीक्षण किया गया। पीपीई किट पाकर स्वच्छता दीदियों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर पालिका उपाध्यक्ष अमरजीत खटकर, पार्षद महेंद्र तिवारी, अशोक देवांगन, ईश्वर देवांगन, पवन साहू, पुरुषोत्तम देवांगन, भगवतींन साहू, पुष्पा सिंह सहित मोनी मिश्रा, गिरधर देवांगन, नगर पालिका के कार्य पालन अभियंता योगेश राठौर, सफाई प्रभारी संजय सहिस, शशांक ठाकुर, बृजेश शर्मा, सुमित आर्य, जय बघेल सहित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## किसानों को दी गईं परंपरागत तरीके से पैरा पुटू उगाने की तकनीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

किसानों को कृषि अवशेष अर्थात पैरा से पुटू उगाने की एक और जहां कृषि वैज्ञानिकों द्वारा उन्नत तकनीक से पैरा पुटू उगाने की तकनीक सिखाई जा रहीं है। वहीं

- **प्रशिक्षण में दो जिले के किसान हुये शामिल**

दूसरी तरफ बहेराडीह गांव में स्थित देश का पहला किसान स्कूल में पैरा पुटू उगाने की उन्नत के साथ साथ परंपरागत तरीके से उगाने की तकनीक किसानों कों सिखाई जा रहीं है।

इस सम्बंध में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि पराली कों खेत में जलाने के बजाय पराली अर्थात पैरा से पैसा कमाने का उपाय मशरूम उत्पादन का उन्नत तकनीक के साथ साथ परंपरागत



प्रशिक्षण के दौरान जानकारी देते मास्टर ट्रेनर।

तरीके से उत्पादन करने की जानकारी दे रहें हैं। इसके साथ ही किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव व मशरूम उत्पादन के ट्रेनर व पशु सखी पुष्पा यादव द्वारा सालों से पैरा पुटू उत्पादन के क्षेत्र में किये जा रहें नवाचार, अनुसन्धान को अपनाने की सलाह दिया। प्रशिक्षण में स्थानीय जिले के अकलतरा ब्लॉक के कोटमीसुनार गांव से प्रगतिशील युवा कृषक ठण्डारम सोनी समेत राजेश्वरी पटेल, तरुण कुमार पटेल गिधोरी, वीरेंद्र कर्ष, राकेश कुम्हार सारागांव, मैनदास, जानकी महंत कुरदा नगरदा, नितेश्वरी गढ़ेवाल, लव गढ़ेवाल धुरकोट, भोला यादव कमरीद, सीमा साहू, रजनी साहू, सरोज पाण्डेय सरखों आदि प्रमुख रूप से शामिल हुये।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के मुस्लिम सराय में अमान अंसारी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों की टीम में शामिल डॉ. शगुफ्ता परवीन, डॉ. सतीश कौशिक एवं नईम खान ने स्वास्थ्य परीक्षण और परामर्श दिया, जबकि आशीर्वाद ब्लड सेंटर की टीम ने रक्तदान प्रक्रिया को सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के संस्थापक अलीम अंसारी ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य केवल रक्तदान नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और मानव सेवा के प्रति समाज को जागरूक करना है। शिविर में संरक्षक जसबीर सिंह चावला ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। वहीं पहली बार रक्तदान करने वाली जीनत बानो ने रक्तदान कर महिलाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने सभी स्वस्थ लोगों से नियमित रक्तदान करने की अपील की। रक्तदान करने रक्तवीरों को संस्था द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं विशेष उपहार देकर सम्मानित



किया गया। वहीं आयोजन में उपस्थित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस विभाग, मीडिया कर्मियों तथा गणमान्य नागरिकों को भी स्मतिचिन्ह भेंट करसम्मानित किया गया।स्वास्थ्य सेवा के साथ शिक्षा जागरूकता का संदेश भी दिया गया। शिविर में पहुंचे बच्चों को कॉपी, किताबें और पेन वितरित कर शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया।शिविर को सफल बनाने में संरक्षक हाजी मोहम्मद इमरान, अध्यक्ष तनवीर शादाब, संस्था के सक्रिय सदस्यों शब्बीर सिद्दीकी, हसन अली, मोहम्मद वसीम अंसारी, सज्जाद अंसारी, ताजुद्दीन अंसारी, कलीम अंसारी, सहित सभी पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### भाजपा जिलाध्यक्ष के साथ पदाधिकारियों ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज भवन का किया निरीक्षण

# मेडिकल कॉलेज प्रारंभ होने से जिले के विद्यार्थियों को चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में प्राप्त होंगे नए अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) द्वारा जांजगीर-चांपा जिले में 50 सीटों वाले मेडिकल कॉलेज संचालन की अनुमति दी गई है। अनुमति मिलने के बाद भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े ने भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम कुटरा पहुंचकर निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज भवन का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े ने कहा कि जांजगीर-चांपा जिले के लिए यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। मेडिकल कॉलेज प्रारंभ होने से जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर एवं आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही जिले के विद्यार्थियों को चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में



कुटरा में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज भवन का निरीक्षण करते भाजपा पदाधिकारी।

नए अवसर प्राप्त होंगे, जिससे क्षेत्र के स्वास्थ्य एवं शिक्षा दोनों क्षेत्रों को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितैषी सोच और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जांगड़े ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार के समन्वित प्रयासों से जांजगीर-चांपा जिले का लंबे समय से प्रतीक्षित मेडिकल कॉलेज का सपना साकार हुआ है। इससे जिले के नागरिकों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिलेगा तथा गंभीर उपचार के लिए अन्य शहरों पर निर्भरता भी कम होगी। इस अवसर पर पुष्पेंद्र प्रताप सिंह जिला कोषाध्यक्ष, राकेश रूपवानी जिला मीडिया प्रभारी, रितेश राठौर एल्डरमैन, पुष्पेंद्र निर्मलकर, विक्की सिंह, उमेश राठौर, सोनू यादव जिला अध्यक्ष, भारतीय जनता युवा मोर्चा, प्रदीप राठौर एवं राजू कश्यप सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

